आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 31.12.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस विभाग के दो सौ 15 कार्मिकों और अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- नए साल पर देहरादून और मसूरी में पर्यटकों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की अनावश्यक छुट्टी पर रोक लगाई।
- मुख्य सचिव ने चलने में अक्षम श्रद्धालुओं के लिए गोल्फ कार्ट एवं ऑल टेरेन व्हीकल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।
- मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ ही बर्फबारी की संभावना जताई।

## नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्य सेवक सदन में 2 सौ 15 कार्मिकों और अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड पुलिस को आधुनिक, स्मार्ट और जन–संवेदनशील बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है साथ ही पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए नवाचारों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की पारदर्शी एवं निष्पक्ष नीतियों का ही प्रत्यक्ष परिणाम है कि अब तक 27 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर प्राप्त हो चुका है।

## राज्यपाल से भेंट

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से उत्तराखण्ड यूनाइटेड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दीं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदेश एवं देश के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। गौरतलब है कि भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने हाल ही में मध्यप्रदेश में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टी–20 के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराया था।

## जन–जन की सरकार

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान के अंतर्गत उत्तरकाशी जिले के विकासखण्ड नौगांव की न्याय पंचायत वाडिया में शिविर का आयोजन किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी टौंस पुरोला डीपी बलूनी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। वहीं उधमसिंह नगर जिले के विकास खण्ड जसपुर के न्याय पंचायत भरतपुर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। उधर देहरादून जिले के चकराता ब्लाक में भी शिविर का आयोजन किया गया।

## पीपलकोटी

चमोली जिले के पीपलकोटी स्थित निर्माणाधीन टीएचडीसी विष्णुगाड–पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीबीएम साइट पर शिफ्ट परिवर्तन के दौरान सुरंग के भीतर हुए दुर्घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी चमोली से दूरभाष पर वार्ता कर घटना की पूरी जानकारी ली और और सभी घायलों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं चमोली के जिलाधिकारी ने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं।

वहीं राज्य आपदा प्रबंधन और पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि इस हादसे में कुल 86 लोग घायल हुए। इनमें से 68 लोगों को चमोली के जिला अस्पताल में और 18 लोगों को पिपलकोटी के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मेडिकल स्टाफ की छुट्टी

नव वर्ष पर देहरादून और मसूरी में पर्यटकों की भारी भीड़ के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने किसी भी स्वास्थ्य संबंधी चुनौती से निपटने के लिए सभी अस्पतालों के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की अनावश्यक छुट्टी पर रोक लगा दी है। देहरादून के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि नव वर्ष पर देहरादून जिले में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ जाती है, ऐसे में सभी अस्पतालों को मेडिकल स्टाफ को अनावश्यक छुट्टी न देने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि अस्पताल पूरी क्षमता से काम कर सकें। उन्होंने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों को आवश्यक दवाओं मेडिकल स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। आपातकालीन विभाग को पूरी तरह से सक्रिय रखने और डॉक्टरों को अलर्ट रहने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपातकालीन सेवाओं में कोई कमी ना रहे।

## सैनिकों और पूर्व सैनिकों

मुख्यमंत्री  पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के वीर सैनिक हमारा गौरव हैं और राज्य सरकार सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान, पुनर्वास और समग्र कल्याण के लिए निरंतर संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हाथीबड़कला, देहरादून में आयोजित पूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राज्य में शहीद आश्रितों, पूर्व सैनिकों और सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों के लिए विविध कल्याणकारी योजनाएँ संचालित करने के साथ ही सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

## चारधाम यात्रा

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने चारधाम यात्रा में व्हील चेयर और चलने में अक्षम श्रद्धालुओं के लिए गोल्फ कार्ट एवं ऑल टेरेन व्हीकल की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने चारधाम यात्रा को सुगम एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए यात्रा मार्ग पर आने वाली व्यवहारिक समस्याओं की पहचान कर उनका निराकरण करने के भी निर्देश दिये। सचिवालय में केदारनाथ पुनर्निर्माण एवं बद्रीनाथ मास्टर प्लान को लेकर हुई विभागों एवं जिलाधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आवश्यक एवं उपयुक्त जानकारी प्राप्त हो इसके लिए विभिन्न प्रकार की जानकारियों के लिए जगह–जगह साइनेज और क्यू आर कोड आधारित सूचना पटल की व्यवस्था की जाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं को दर्शन टोकन देते समय दर्शन की जानकारी डिस्प्ले पर  देने की व्यवस्था आगामी चारधाम यात्रा में करने के निर्देश दिये।

## मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय जिलों में 31 दिसंबर को बारिश–बर्फबारी की संभावना है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया है।  मौसम केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार हैं। वहीं 32 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। एक जनवरी को उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, देहरादून, – टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, अल्मोड़ा और चम्पावत में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान है।